# केन्द्रीय विद्यालय संगठन : मुम्बई संभाग
## अर्ध वार्षिक परीक्षा : 2025-26
**कक्षा : आठवीं**
**विषय : हिंदी - (002)**
**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (सैंपल पेपर)**

**अवधि: 2.30 मि.** **पूर्णांक: 60**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न-पत्र में कुल 11प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- इस प्रश्न-पत्र में कुछ चार खण्ड हैं-क, ख, ग,घ।
- खंड – क में कुल 2 प्रश्न है,जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड – ख में कुल1 प्रश्न है,जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 5 है।
- खंड – ग में कुल 5 प्रश्न है,जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 18 है।
- खंड – घ में कुल3 प्रश्न है,सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

**प्रश्न** **खण्ड- क (अपठित बोध)** **अंक**

प्रश्न 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **7 अंक**

समय पर किये जाने वाले कार्यों के सुपरिणाम शीघ्र ही सामने आ जाते है। जो व्यक्ति समय को पहचान लेता है वह सबसे समझदार होता है, समय के व्यतीत हो जाने के पश्चात् सुध आने का कोई महत्त्व नहीं होता। किसान ने अथक परिश्रम करके फसल उगाई खेतों में फसल लहलहाने लगी। दूर-दूर से चिड़ियाँ आकर उसे खाने लगी किसान ने आलस्यवश उन्हें नहीं उड़ाया। किसान को तब होश आया जब चिड़ियाँ उसकी सारी फसल खा गयीं। अब क्या किया जा सकता था? हानि हो चुकी थी। किसान पछताने लगा। उसके मित्र ने कहा 'अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। मित्र ने सत्य कहा था। हमारे आस-पास ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जो समय पर कार्य नहीं करते और फिर पछताते है। स्वयं को कोसते हैं। उनके मन में निराशा के भाव जागृत हो जाते है। सबको अपने-अपने कार्य समय पर करने चाहिए। सफलताएँ समय पर कार्य करने वालों के चरण चूमती है और लापरवाह व्यक्ति के हिस्से में केवल पछतावा ही आता है।

(I) समय पर कार्य करने का परिणाम कब प्राप्त होता है? 1X1=1

(क) शीघ्र (ख) विलम्ब से
(ग) कुछ वर्षों बाद (घ) कार्य पूरा कर लेने के बाद

(II) समझदार कौन होता है? 1X1=1

(क) जो निरंतर काम करता रहता है। (ख) जो दूसरों की सलाह मानता है।
(ग) जो समय को पहचान लेता है। (घ) जो मिलकर कार्य करता है

(III) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए – 1X1=1

**कथन (A):** किसान को पछतावा हुआ।
**कारण (R):** उसे फिर से बीज बोने पड़े।

(क) कथन सही है परंतु कारण गलत है। (ख) कथन व कारण दोनों सही हैं।
(ग) कथन व कारण दोनों गलत हैं। (घ) कथन गलत है परंतु कारण सही है।

(IV) किसान ने चिड़ियों को क्यों नहीं उड़ाया? 1X2=2

(V) सफलता कौन प्राप्त करता है? 1X2=2

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- **7 अंक**

रेशम जैसी हँसती खिलती,
नभ से आई एक किरण
फूल-फूल को मीठी, मीठी,
खुशियाँ लाई एक किरण
पड़ी ओस की कुछ बूंदें,
झिलमिल-झिलमिल पत्तों पर
उनमें जाकर दिया जलाकर,
ज्यों मुसकाई एक किरण
लाल-लाल थाली-सा सूरज,
उठकर आया पूरब में
फिर सोने के तारों जैसी,
नभ में छाई एक किरण

(I) कवि ने किरण के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया है? 1X1=1
(क) रेशम जैसी (ख) हँसती खिलती
(ग) सोने के तारों जैसी (घ) उपर्युक्त सभी

(II) किरण फूलों के लिए क्या खुशियाँ लेकर आई? 1X1=1
(क) सुंदरता (ख) सुगंध
(ग) मीठी-मीठी खुशियाँ (घ) विभिन्न रंग

(III) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:- 1X1=1
**कथन (A) :** पत्तों पर एक दिया-सा जला दिया।
**कारण (R) :** ओस की बूंदे पत्तों पर गिरी।
(क) कथन सत्य है किंतु कारण असत्य है।
(ख) कथन सत्य है और कारण भी सत्य है।
(ग) कथन असत्य है और कारण भी असत्य है।
(घ) कथन असत्य है किंतु कारण सत्य है।

(IV) सूरज की क्या विशेषता है? 1X2=2

(V) प्रातःकाल के सौंदर्य को अपने शब्दों में लिखिए। 1X2=2

## खण्ड – ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **10 अंक**

(I) दिए गए शब्दों में से समान अर्थ न रखने वाले शब्द को छांट कर लिखें। 1X2=2
(क) चांद, मधुकर, शशि, निशा
(ख) वतन, विदेश, स्वदेश, देश

(II) दिए गए क्रिया विशेषण शब्दों से एक-एक वाक्य बनाइए। 1X2=2
(क) धीरे से (ख) चिल्लाकर

(III) ‘आना’ और ‘जाना’ क्रिया शब्दों से एक-एक सार्थक वाक्य बनाइए। 1X2=2

(IV) योजक चिन्ह का प्रयोग करते हुए 2 शब्द युग्म लिखें। 1X2=2

(V) 'टूट पड़ना' मुहावरे का अर्थ और वाक्य प्रयोग लिखें। 1X2=2

## खण्ड-(ग) पाठ्य-पुस्तक पर आधारित

प्रश्न 4 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- **5 अंक**

यहाँ श्री गंगा जी अपना नाम नदी सत्य करती हैं अर्थात् जल के वेग का शब्द बहुत होता है और शीतल वायु नदी के उन पवित्र छोटे-छोटे कनों को लेकर स्पर्श ही से पावन करता हुआ संचार करता है। यहाँ पर श्री गंगा जी दो धारा हो गई हैं-एक का नाम नील धारा, दूसरी श्री गंगा जी ही के नाम से, इन दोनों धारों के बीच में एक सुंदर नीचा पर्वत है और नील धारा के तट पर एक छोटा–सा सुंदर चुटीला पर्वत है और उसके शिषर पर चण्डिका देवी की मूर्ति है। यहाँ हरि की पैड़ी नामक एक पक्का घाट है और यहीं स्नान भी होता है। विशेष आश्चर्य का विषय यह है कि यहाँ केवल गंगा जी ही देवता हैं, दूसरा देवता नहीं। यों तो वैरागियों ने मठ मंदिर कई बना लिए हैं।

श्री गंगा जी का पाट भी बहुत छोटा है पर वेग बड़ा है, तट पर राजाओं की धर्मशाला यात्रियों के उतरने के हेतु बनी हैं और दुकानें भी बनी हैं पर रात को बंद रहती हैं। यह ऐसा निर्मल तीर्थ है कि इच्छा क्रोध की खानि जो मनुष्य हैं सो वहाँ रहते ही नहीं।

(I) हरि की पैड़ी घाट पर क्या होता है? 1X1=1

(क) मेले लगते हैं (ख) स्नान होता है

(ग) खेती होती है (घ) मंदिर नहीं है

(II) गद्यांश के अनुसार गंगा जी की दो धाराओं में से एक का नाम क्या है? 1X1=1

(क) हरधारा (ख) नीलधारा

(ग) दूधधारा (घ) सरस्वती

(III) नील धारा के तट पर पर्वत के शिषर पर किसकी मूर्ति है? 1X1=1

(क) गंगा जी की (ख) हरि की

(ग) चंडिका देवी की (घ) देवता की

(IV) यहां किसका नाम सत्य सिद्ध होता है? 1X1=1

(क) गंगा जी का (ख) जल के वेग का

(ग) वायु का (घ) नीलधारा का

(V) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:- 1X1=1

**कथन (A):** आश्चर्य का विषय है।

**कारण (R):** यहां कोई देवता नहीं हैं।

(क) कथन सत्य है किंतु कारण असत्य है। (ख) कथन सत्य है और कारण भी सत्य है।

(ग) कथन असत्य है और कारण भी असत्य है। (घ) कथन असत्य है किंतु कारण सत्य है।

प्रश्न 5 निम्नलिखित गद्य भाग पर आधारित किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर लिखिए- **4 अंक**

(I) “हर तरफ पवित्रता और प्रसन्नता बिखरी हुई थी।” आपको किस स्थान पर पवित्रता और प्रसन्नता का अनुभव होता है? क्या कोई ऐसा स्थान है जहां जाते ही मन शांत हो गया हो? उस स्थान की कौन सी बातें आपको अच्छी लगी? 1X2=2

(II) हरिद्वार यात्रा के दौरान किन प्रमुख स्थलों का दर्शन किया जा सकता है? 1X2=2

(III) क्या आपको लगता है कि पशु-पक्षी भी मनुष्यों के समान परिवार और घर का महत्त्व समझते हैं? अपने उत्तर के समर्थन में गौरैया पाठ से उदाहरण दीजिए। 1X2=2

प्रश्न 6 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- **5 अंक**

साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।
जाके हिरदे साँच है, ता हिरदे गुरु आप।।
बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नहीं, फल लागै अति दूर।।
गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागौं पाँय।
बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय।।
अति का भला न बोलना, अति का भला न चूप।
अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप ॥

(I) "अति का भला न बोलना अति का भला न चूप। अति का भला न बरसना अति की भली न धूप।।" इस दोहे का मूल संदेश क्या है? 1X1=1

(क) हमेशा चुप रहने में ही हमारी भलाई है।

(ख) बारिश और धूप से बचना चाहिए।

(ग) हर परिस्थिति में संतुलन होना आवश्यक है।

(घ) हमेशा मधुर वाणी बोलनी चाहिए।

(II) "साँच बराबर तप नहीं झूठ बराबर पाप। जाके हिरदे साँच है ता हिरदे गुरु आप।।" इस दोहे से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है? 1X1=1

(क) सत्य और झूठ में कोई अंतर नहीं होता है।

(ख) सत्य का पालन करना किसी साधना से कम नहीं है।

(ग) बाहरी परिस्थितियाँ ही जीवन में सफलता तय करती हैं।

(घ) सत्य महत्वपूर्ण जीवन मूल्य है जिससे हृदय प्रकाशित होता है।

(III) "बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर। पंथी को छाया नहीं फल लागै अति दूर।।" यह दोहा किस जीवन कौशल को विकसित करने पर बल देता है? 1X1=1

(क) समय का सदुपयोग करना (ख) दूसरों के काम आना

(ग) परिश्रम और लगन से काम करना (घ) सभी के प्रति उदार रहना

(IV) "गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागौं पाँय। बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय।।" इस दोहे में किसके विषय में बताया गया है? 1X1=1

(क) श्रम का महत्व (ख) गुरु का महत्व

(ग) ज्ञान का महत्व (घ) भक्ति का महत्व

(V) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:- 1X1=1

**कथन (A):** अत्यधिक नहीं बोलना चाहिए।
**कारण (R):** चुप्पी अच्छी होती है।

(क) कथन सही है परंतु कारण गलत है। (ख) कथन व कारण दोनों सही हैं।

(ग) कथन व कारण दोनों गलत हैं। (घ) कथन गलत है परंतु कारण सही है।

प्रश्न 7 निम्नलिखित पद्य भाग पर आधारित किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए। **4 अंक**

(I) "ऐसी बानी बोलिए मन का आपा खोय।" क्या आप जानते हैं कि शब्दों का प्रभाव केवल दूसरों पर ही नहीं स्वयं पर भी पड़ता है? आपके बोले गए शब्दों ने आपके या किसी अन्य के स्वभाव या मनोदशा को कैसे परिवर्तित किया? उदाहरण सहित बताइए? 1X2=2

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (II) | स्वदेश कविता में देश- प्रेम के लिए बहुत-सी बातें आई हैं। आप देश-प्रेम से क्या समझते हैं? | 1X2=2 |
| | (III) | आशीर्वाद कविता में कवि किसे संबोधित कर रहे हैं और क्या आशीर्वाद दे रहे हैं? | 1X2=2 |
| प्रश्न 8 | | निम्नलिखित में से किसी **एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। | **3 अंक** |
| | (I) | बड़े या संपन्न होने के साथ-साथ मनुष्य में और कौन-कौन सी विशेषताएं होनी चाहिए? अपने विचार साझा कीजिए। | 1X3=3 |
| | | **अथवा** | |
| | (II) | "पिताजी कहते हैं कि यह घर सराय बना हुआ है।" सराय और घर में कौन-कौन से अंतर होते हैं? | 1X3=3 |

## खंड - घ (रचनात्मक लेखन)

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न 9 | | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- | **5 अंक** |
| | (I) | अपने प्राचार्य को खेल-कक्ष में खेल-सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। | 1X5=5 |
| | | **अथवा** | |
| | (II) | परिश्रम सफलता की कुंजी है, इसके आधार पर परिश्रम के लाभ बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए। | 1X5=5 |
| प्रश्न10 | | निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर लगभग 90 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।<br>(1) स्वदेश<br>(2) जल ही जीवन है | **5 अंक** |
| प्रश्न11 | | निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर संवाद लिखिए। | **5 अंक** |
| | (I) | देश में हुई भारी वर्षा को लेकर माँ और बेटे में संवाद लिखिए। | 1X5=5 |
| | | **अथवा** | |
| | (II) | स्वच्छता के महत्त्व पर दो मित्रों का संवाद लिखिए। | 1X5=5 |